18 JULY- CORIYA -BHOOMI-PG-1_Layout 1 7/18/2024 9:17 PM Page 1

हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 19 जुलाई 2024

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

तापमान

अधिकतम 33 डिग्री

न्यूनतम 26 डिग्री

4 बरसों बाद बन रहा दुर्लभ संयोग



(चिरमिरी) प्रवेश प्रारंभ (मनेन्द्रगढ़)
न्यू महाराणा I.T.I.
Affiliated by:- (N.C.V.T & D.E.T.)
New Delhi (Govt. Of India)
ट्रेड- इलेक्ट्रिशियन, कोपा, डीजल मैकेनिक, फिटर
योग्यता-10वीं पास (प्राईवट, ओपन,पत्राचार, नियमित)
प्रथम प्रवेशित 50 छात्रों को विशेष छुट
अतिशीघ्र प्रवेश लेवें मात्र 999/- नो डोनेशन
स्थान सीमित 100% रोजगार परक प्रशिक्षण
पता: प्राचार्य: झांझरिया गोदाम, बदन सिंह मोहल्ला मनेन्द्रगढ़
मो. 8982767184, 9203914561, 9425556340
पता: प्राचार्य: जगन्नाथ मंदिर के पास धरमनगरी (पोड़ी) चिरमिरी
मो. 7489674543, 8435000498, 9203914561

## खबर संक्षेप

### भैंसवार में जनसमस्या निवारण शिविर आज

**बैकुण्ठपुर।** जिले में आमजन की समस्या का त्वरित निराकरण के लिए जन समस्या का निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 19 जुलाई को विकासखंड सोनहत के भैंसवार में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में ग्रामीणों की समस्या, शिकायत का निराकरण किया जाएगा।

### स्वास्थ्य सुविधा योजना के लिए आवेदक 31 तक

**बैकुण्ठपुर।** आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि छात्रावास, आश्रमों में निवासरत अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों के लिए स्वस्थ तन स्वस्थ मन स्वास्थ्य सुविधा योजना वर्ष 2007 के अंतर्गत शिक्षा सत्र 2024-25 में जिले में संचालित स्वास्थ्य सेवाओं की अनुपलब्धता वाले छात्रावास, आश्रमों में चिकित्सीय परीक्षण स्थानीय स्तर पर अनुबंध के आधार पर किए जाने के लिए निजी प्रैक्टिशनर चिकित्सक एमबीबीएस/बीएएमएस से 31 जुलाई सायं 5 बजे तक आवेदन मंगाए गए हैं।

### आए दिन होती हैं दुर्घटनाएं, शासन-प्रशासन से पहल की मांग

# जर्जर सड़कें राहगीरों के लिए बन रहीं जानलेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिला मुख्यालय बैकुंठपुर सहित जिले के कई इलाकों के साथ शहर सीमा से लगे क्षेत्रों में इन दिनों सड़क की स्थिति जर्जर हो गई है, इसके कारण लोगों को आवागमन के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जर्जर होती सड़क को समय पर मरम्मत कार्य नहीं कराए जाने के कारण सड़क की स्थिति और ज्यादा खराब होती चली जाती है, वहीं बरसात के दौरान सड़क जर्जर व गड्ढेयुक्त हो जाने के कारण सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ता है।

इसी तरह का हाल शहर के ओड़गी नाका तिराहा से ओड़गी सागरपुर की ओर जाने वाली प्रमुख मार्ग की भी बनी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार ओड़गी नाका से ओड़गी की ओर जाने वाली प्रमुख मार्ग पर कई जगहों पर जर्जर हो गई है तथा कुछ जगहों पर खतरनाक गड्ढे बन गए हैं, जहां इस बरसात के दौरान जब



झुमका रोड के सड़क में जानलेवा गड्ढे।

बारिश होती है तो बारिश का पानी गड्ढों में भर जाता है, ऐसी स्थिति में इस जगह से आवाजाही करने में वाहन चालकों को संभलकर चलना पड़ता है, वहीं पैदल चलने वालों को भी परेशानी होती है। इस सड़क मार्ग की जर्जर हालत को देखकर बरसात के पूर्व मरम्मत की दरकार थी, लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया गया। इस कारण इस बरसात में क्षेत्र के लोगों को आवाजाही करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इधर शहर का गौरवपथ में कई जगह से सड़क जर्जर हो गया है और एक स्थान पर तो बारिश के बाद पानी सड़क पर ही जमा हो जाता है। इस तरह शहर क्षेत्र एवं शहर से लगे क्षेत्रों की सड़कों ⏭ शेष पेज 4 पर

### कलेक्टर निवास पहुंच मार्ग ही जर्जर

कोरिया जिले में सड़कों की हालत की स्थिति किसी से छुपी नहीं है। चाहे जिला मुख्यालय बैकुंठपुर की सड़कों की हालत हो या फिर जिले के अन्य क्षेत्रों की। खराब सड़कों के मरम्मत की ओर ध्यान नहीं दिया जाता, इससे बड़ी विडंबना और क्या हो सकती है, जब जिला कलेक्टर निवास के साथ पर्यटन स्थल की ओर जाने वाली सड़क मार्ग जर्जर हो गई हो और उसका मरम्मत कार्य न कराया जा रहा हो। उल्लेखनीय है कि स्थानीय ओड़गी तिराहा से कलेक्टर निवास के लिए सड़क मार्ग काफी जर्जर हो गई है, लेकिन कलेक्टर इस मार्ग से आवाजाही नहीं करते हैं,बल्कि दूसरे सुगम सड़क मार्ग से आना-जाना करते हैं। कभी ओड़गी नाका से निकलने वाली मार्ग से कलेक्टर आवाजाही करें तो उन्हें सड़क के जर्जर हालत का पता चल जाएगा।

# गाज से एक महिला की मौत, 5 झुलसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

गुरूवार की दोपहर बाद गरज के साथ हुई बारिश के दौरान आकाशीय बिजली की चपेट में आने से धान रोपाई कार्य के दौरान एक महिला की मौके पर मौत हो गई, वहीं घटना में पांच लोग बुरी तरीके से झुलस गए हैं,जिन्हें तत्काल इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में एक महिला की हालत गंभीर बनी हुई है।

■ एक की हालत गंभीर

मिली जानकारी के अनुसार कलेक्टर कार्यालय के समीप चेरवापारा खरवत में 18 जुलाई को धान रोपाई कार्य के दौरान करीब 4:30-5:30 बजे के बीच में तेज गरज के साथ बारिश शुरू हो गई, इसी दौरान आकाशीय बिजली के चपेट में आने से श्रीमती मीना पति अरूण कुमार उम्र 35 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं श्रीमती पार्वती पति शिव प्रसाद राजवाड़े, श्रीमती अनिता पति चंद्रप्रकाश राजवाड़े, श्रीमती कमलीबाई पति संतोष राजवाड़े, श्रीमती सोमेश्वरी पति नीरज राजवाड़े, पार्वती पति मुकेश राजवाड़े झूलस गईं, जिन्हें आसपास के लोगों की मदद से तत्काल जिला अस्पताल लाया गया, जहां सभी का इलाज जारी है। गाज से झूलसे महिलाओं पार्वती पति मुकेश राजवाड़े की स्थिति गंभीर बनी हुई है। वहीं घटना की सूचना मिलने पर चरचा पुलिस और 108 संजीवनी एक्सप्रेस मौके पर पहुंच गई थी।

# अवमानना: अफसरों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ चिरमिरी

छग उच्च न्यायालय के द्वारा 19 सितंबर 2023 में दिए गए एक महत्वपूर्ण आदेश में चिरमिरी के एसईसीएल अधिकारियों के द्वारा पालन नहीं करने के कारण छग उच्च न्यायालय ने इन अधिकारियों के विरूद्ध पेश किए गए अवमानना याचिका को स्वीकार कर अवमानना करने वालों को नोटिस जारी कर चार हफ्ते के भीतर जवाब मांगा है।

■ चार हफ्ते के भीतर मांगा गया जवाब

चिरमिरी निवासी आरटीआई कार्यकर्ता राजकुमार मिश्रा के द्वारा वर्ष 2019 में एक रिट याचिका प्रस्तुत कर छग उच्च न्यायालय से मांग किया था कि चिरमिरी में स्थित सती मंदिर को संरक्षित किया जाए, क्योंकि प्राचीन स्मारक तथा पुरातात्विक स्थल और अवशेष अधिनियम 1958 की धारा 2 के तहत जो वस्तु 100 वर्ष से पुरानी हो जाती है वह पुरातात्विक संपत्ति के रूप में घोषित हो जाती है, उसके संरक्षण की जिम्मेदारी केन्द्र एवं राज्य सरकार की होती है। वहीं इस मामले में आम जनता के शिकायत पर एसडीएम चिरमिरी के आदेश से चिरमिरी थाना में एसईसीएल के अधिकारियों के विरूद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज किया गया।

उपरोक्त तथ्यों के आधार पर आईटीआई कार्यकर्ता राजकुमार मिश्रा के द्वारा छग उच्च न्यायालय में अवमानना याचिका प्रस्तुत की गई, जिसे उच्च न्यायालय के द्वारा स्वीकार कर लिया गया और मनीष कुमार सिंह उप क्षेत्रीय प्रबंधक बरतुंगा, अरूण चौहान उप क्षेत्रीय प्रबंधक कुरासिया तथा चैनमैन राजेश्वर श्रीवास्तव के विरूद्ध अवमानना नोटिस जारी कर चार सप्ताह के भीतर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश जारी किया गया है।

### अग्निवीर भर्ती: अभ्यर्थियों को मिलेगा प्रशिक्षण

**बैकुण्ठपुर।** जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि भारतीय थल सेना अग्निवीर भर्ती के लिए माह अप्रैल 2024 में सेना भर्ती कार्यालय द्वारा लिखित परीक्षा आयोजित की गई थी, जिसका परिणाम घोषित किया जा चुका है। चयन परिणाम भारतीय थल सेवा के वेबसाईट डब्लूडब्लूडब्लू डॉट के जेड ओ आई एन आई एनडी आई एन ए आर एम वाई डॉट नाईस डॉट इन में देखा जा सकता है। लिखित परीक्षा में सफल अभ्यार्थियों के लिए 4 से 12 दिसंबर तक जिला रायगढ़ में शारीरिक दक्षता परीक्षा आयोजित की जाएगी। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जिले के लिखित परीक्षा में सफल अभ्यार्थियों को शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण निःशुल्क दिया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन 5 अगस्त तक जिला रोजगार कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

# ग्राम कमेटी से होगा गांव का सर्वांगीण विकास: कमरो

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

एमसीबी जिले के मनेन्द्रगढ़ विकासखंड के ग्राम भलौर स्थित श्याम फेब्रिकेशन में कोया पुनेम गोंडवाना महासभा छग प्रदेश कार्यसमिति की बैठक संपन्न हुई।

राष्ट्रीय अध्यक्ष तिरू. मनोज सिंह कमरो के मुख्य अतिथि, राष्ट्रीय सचिव विद्यासागर सिंह श्याम विशिष्ट अतिथि एवं छग प्रदेश अध्यक्ष राय सिंह श्याम के अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में महत्वपूर्ण कई प्रस्ताव पारित किए गए। सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि तिरु.कमरो ने कहा कि ग्राम कमेटी के माध्यम से गांव का सर्वांगीण विकास किया जाएगा, हमारे पास इसकी पूरी कार्य योजना तैयार है, यह



बैठक में उपस्थित महासभा के लोग।

एक कंप्लीट इक्को सिस्टम की तरह कार्य करेगा। इसमें समाज व गांव विकास के लिए हमारी सारी गतिविधियां एक-दूसरे गतिविधियों को सपोर्ट करेगी। इसमें गांव गणराज्य का सपना साकार होगा। हम गांव को फिर से स्वावलंबी बनाने की दिशा में आगे बढ़ेंगे, हम ग्राम कमेटी के माध्यम से समाज में अभूतपूर्व परिवर्तन लाना चाहते हैं, इसके अंतर्गत आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक, वैचारिक क्रांति लाने में ग्राम कमेटी की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। विशिष्ट अतिथि तिरू.विद्यासागर सिंह श्याम ने कहा कि हमें महासभा की गतिविधियों को ⏭ शेष पेज 4 पर



## खबर संक्षेप

### रामनगर में किसानों को वितरित किया गया निःशुल्क बीज

**बिश्रामपुर।** शासन के मंशानुरूप ग्राम पंचायत रामनगर में किसानों को निःशुल्क बीज वितरण किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के किसानों को निःशुल्क बीज वितरण कर उसके संबंध में विस्तृत जानकारी भी कृषि विस्तार अधिकारी द्वारा दी गई। इस दौरान मुख्य रूप से कृषि विस्तार अधिकारी के साथ किसान मित्र, रामनगर सरपंच जवाहर सिंह टेकाम, भाजयुमो महामंत्री दुर्गा गुप्ता, राजू यादव, बृजलाल टेकाम, शकेश्वर सिंह, शनि मिश्रा, सत्यानंद व अन्य लोग उपस्थित थे।

### कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह में जिला महामंत्री ने रखी तीन मांगें



**बिश्रामपुर।** सरगुजा सांसद चिंतामणी महराज की उपस्थिति में आयोजित कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह में भाजयुमो महामंत्री दुर्गा गुप्ता ने तीन सूत्रीय मांग को रखा है। सरगुजा सांसद चिंतामणी महाराज के समक्ष भाजयुमो जिला महामंत्री ने मांग रखा है कि अंबिकापुर-निजामुद्दीन एक्सप्रेस का नाम बदलकर सरगुजा एक्सप्रेस रखवाया जाए। साथ ही उक्त ट्रेन का स्टापेज बिश्रामपुर में भी कराया जाए। इसके अलावा ग्राम पंचायत करंजी में अंडर ग्राउंड रेल्वे क्रासिंग निर्माण कराए जाने की भी मांग रखी है। भाजयुमो महामंत्री की मांग पर सरगुजा सांसद चिंतामणी महाराज ने उक्त मांगों को जल्द पूर्ण कराए जाने का भरोसा दिया है।

### रामलला दर्शन के लिए श्रद्धालुओं को किया गया रवाना



**प्रतापपुर।** श्रीरामलला दर्शन अयोध्या धाम के दर्शन हेतु जनपद पंचायत प्रतापपुर के ग्रामीण क्षेत्र के 13 श्रद्धालु व नगर पंचायत से 6 तथा नगर पंचायत जरही से 5 श्रद्धालु को दर्शन हेतु बस से अम्बिकापुर रवाना किया गया। अम्बिकापुर पहुंचने के पश्चात श्रद्धालुओं को स्पेशल ट्रेन से बनारस बाबा विश्वनाथ के दर्शन कराते हुए प्रभु रामलला के दर्शन हेतु अयोध्या धाम हेतु प्रस्थान करेगें। यह यात्रा 17 से 20 तक होगी। यात्रा की रवानगी के दौरान भाजपा मण्डल अध्यक्ष अक्षय तिवारी, नपं उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश तायल, लक्ष्मी गुप्ता, अरविन्द जायसवाल, विक्रम प्रताप सिंह, जनपद सीईओ राधेश्याम मिर्झा, नपं सीएमओ यूफ्रेशिया एक्का, पंचायत निरीक्षक राधेलाल पैकरा, अनुरक्षक अशोक जायसवाल सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थिति रहे।

### अज्ञात कारणों से बुजुर्ग ने घर की परछी में लगाई फांसी

**बिश्रामपुर।** ग्राम पंचायत तेलईकछार केनापारा निवासी एक वृद्ध ने बुधवार की दोपहर घर के परछी में अज्ञात कारणों से फांसी लगा ली है। जयनगर पुलिस ने बताया कि ग्राम पंचायत तेलईकछार केनापारा निवासी 65 वर्षीय अनंत राम चौधरी पिता स्व. चिनगी राम चौधरी अपने छोटे पुत्र व बहु के साथ रहता था। मंगलवार को छोटा पुत्र अपनी पत्नी को उसके मायके उदयपुर लेकर गया था। जिस वजह से वृद्ध बुधवार को अपने बड़े बेटे के निवास पर स्नान उपरांत भोजन करके दोपहर में अपने छोटे पुत्र के सुने मकान में आ गया और यहीं पर परछी के म्यार में अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा करने उपरांत पीएम हेतु शव को मर्चयुरी में रखवा दिया है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

### ग्रामीण ने पहले बालक से मांगा पानी फिर लगा ली फांसी, मौत

**अम्बिकापुर।** ग्रामीण ने परिजन को खेत में काम करने भेज बालक से पहले पानी मांगा फिर कमरे में फांसी लगा लिया। परिजन आनन फानन में ग्रामीण को मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार ग्राम लब्जी नवापारा निवासी घूरन राम आ. सोहन राम (50 वर्ष) आज सुबह परिवार के लोगों को खेत में काम करने भेज घर में एक बालक साथ था। घूरन राम बालक से पानी मांगा और पीने के बाद अपने कमरे में चला गया। कुछ समय बाद बालक कमरे में गया तो देखा घूरन फांसी में लटका हुआ था। बालक ने परिजन को घटना की जानकारी दी। परिजन घूरन राम को फांसी से उतार तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया।

### शासकीय ज़मीन पर कब्जे को लेकर चचेरे भाइयों में मारपीट, काउंटर अपराध दर्ज

**बिश्रामपुर।** ग्राम खोपा में जमीन विवाद पर दो चचेरे भाईयों में जमकर मारपीट हुई है। पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर काउंटर अपराध दर्ज किया है।करंजी पुलिस ने बताया कि ग्राम पंचायत खोपा निवासी प्रार्थी किशुन राम राजवाड़े पिता सुखलाल राजवाड़े 16 जुलाई की दोपहर में गांव के ही सरनाडांड स्थित अपने कब्जे की शासकीय भूमि खसरा नंबर 3061 पर ट्रैक्टर से जुताई करा रहा था। तभी उसके चचेरे भाई देव कुमार व उसकी पत्नी राम बाई मौके पर पहुंचकर खेत की जुताई पर आपत्ति दर्ज कर हुए जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट कर दिया गया है। वहीं दूसरे पक्ष से प्रार्थी देवकुमार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी किशुन राम राजवाड़े, सुखलाल राजवाड़े, संजय राजवाड़े व शिवकुमार ने जमीन विवाद पर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की गई है। दोनों पक्ष की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 296, 351(2), 115 (2), 3 (5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## चिलचिलाती धूप में तेजी से सूख रही खेतों की नमी

# वर्षा की कमी से सरगुजा की स्थिति खतरनाक कहीं खेतों में पड़ी दरारें तो कहीं उड़ रही धूल



बिहारपुर में खेतों की जुताई करने के दौरान उड़ती धूल।



वर्षा की कमी से सुखती धान की फसल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

प्रारंभ से ही वर्षा की कमी से जूझ रहे सरगुजा की स्थित अब बदतर हो जा रही है। चार दिन पूर्व हुई अच्छी वर्षा से स्थितियों में कुछ सुधार आया था लेकिन मानसून की बेरूखी के कारण एक बार फिर खतरनाक स्थिति निर्मित हो गई है तथा वर्षा की दृष्टि से सरगुजा छत्तीसगढ़ में सभी जिलों के पीछे चला गया है। जल्द अच्छी वर्षा नहीं हुई तो सरगुजा में सूखे की स्थिति निर्मित हो सकती है।

**खास बातें**

- स्थानीय प्रभाव से हो रही छिटपुट वर्षा
- जल्द वर्षा नहीं हुई तो रोपाई-बुनाई पर पड़ेगा प्रभाव

मानसून के कमजोर आगाज के बाद से ही सरगुजा वर्षा की कमी से जूझ रहा है। मानसून पूर्व की वर्षा से समय पर धान का बीड़ा तैयार करने के बाद किसान अच्छी वर्षा होने का इंतजार कर रहे थे। बीच-बीच में कहीं-कहीं हल्की वर्षा हुई थी लेकिन यह खेती के लिए पर्याप्त नहीं थी। मौसम की बेरूखी के कारण सरगुजा में वर्षा की कमी 60 फीसदी पहुंच गई थी। मानसून द्रोणिका की स्थिति में सुधार आने के बाद तीन दिनों तक शहर सहित पूरे सरगुजा संभाग में अच्छी वर्षा हुई। पहली बार हुई अच्छी वर्षा से कमी की भरपाई के साथ ही उत्साहित किसान रोपाई-बुनाई में जुट गए। अब फिर से पूर्व जैसी स्थिति निर्मित हो गई है। हाल में हुई वर्षा के पूर्व सरगुजा में 67 फीसदी कम वर्षा हुई थी। तीन दिन वर्षा ने 9 फीसदी वर्षा की पूर्ति की जिससे स्थिति में सुधार हुआ कम वर्षा का आंकड़ा घटकर 58 फीसदी तक पहुंच गया था। पिछले चार दिनों से मानसून द्रोणिका की स्थिति में बदलाव आने के साथ ही पिछले चार दिनों से वर्षा बंद होने के कारण फिर से खतरनाक स्थिति निर्मित हो गई है। वर्षा की कमी फिर से बढ़कर 60 फीसदी पहुंच गई है। मानसून द्रोणिका की स्थिति में बदलाव आने के साथ ही गर्मी के मौसम जैसी चिलचिलाती धूप निकल रही है। धूप खेतों की नमी को तेजी से सोख रही है।

स्थानीय प्रभाव से कहीं-कहीं छिटपुट वर्षा हो रही है जो धान की रोपाई के लिए पर्याप्त नहीं है। किसान ट्यूबवेल से खेतों की सिंचाई कर धान की रोपाई कर रहे हैं। कुछ क्षेत्र में स्थानीय प्रभाव से हुई वर्षा के दम पर किसान अपने खेतों के रोपाई-बुनाई कर रहे हैं वहीं कुछ क्षेत्रों में कम वर्षा होने के कारण लोग अपने धान के बीड़ा को बचाने का संघर्ष कर रहे हैं। खण्ड वर्षा होने के कारण दूरस्थ चांदनी-बिहारपुर में खेतों में धूल उड़ रही है वहीं धान की नर्सरी में दरारें पड़ गई हैं। इसके विपरीत विकाखण्ड बतौली में अच्छी वर्षा होने के कारण ग्रामीण उत्साहपूर्वक अपने खेतों में धान की रोपाई कर रहे हैं।

**चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र में उड़ रही धूल**

सूरजपुर जिला अंतर्गत दूरस्थ चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र में बेहद कम वर्षा होने के कारण खेतों की जुताई करने के दौरान धूल उड़ रही है। मानसून पूर्व हुई अच्छी वर्षा से किसानों ने अपने खेतों में धान का बीड़ा लगा दिया था। पिछले एक सप्ताह से वर्षा नहीं होने के कारण धान का बीड़ा मुरझा रहा है वहीं मोटी-मोटी दरारें पड़ गई है। कम वर्षा होने के कारण रोपाई-बुनाई का काम पूरी तरह से ठप पड़ गया है।

**सरगुजा में 60 फीसदी कम वर्षा**

सरगुजा संभाग में बलरामपुर को छोड़कर सभी जिलों में सामान्य से कम वर्षा हुई है। वर्षा की दृष्टि से सरगुजा छत्तीसगढ़ में सबसे निचले पायदान पर है। सरगुजा में सामान्य से 60 फीसदी कम वर्षा हुई है। बलरामपुर में सामान्य से 8 फीसदी अधिक जबकि सूरजपुर में 49 फीसदी कम एवं कोरिया में 37 फीसदी कम वर्षा हुई है। जल्द अच्छी वर्षा नहीं हुई तो सरगुजा में सूखे की स्थिति निर्मित हो जाएगी साथ ही रोपाई-बुनाई पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा।



धान की नर्सरी में पड़ी दरारें।

**बदली द्रोणिका की स्थिति**

मानसून द्रोणिका में बदलाव आने के कारण वर्षा पर प्रभाव पड़ता है। मानसून द्रोणिका सामान्य स्थिति में गंगानगर इहाबाद होते हुए हेड वे ऑफ बंगाल तक गुजरी थी। पूर्व में मानसून द्रोणिका अपनी सामान्य स्थिति से उत्तर की ओर खिसक गई थी जिसके कारण उत्तर छग में वर्षा नहीं हो रही थी। द्रोणिका के सामान्य स्थिति में पहुंचने एवं डाल्टेनगंज के ऊपर से गुजरने के दौरान सरगुजा सहित प्रदेश के अन्य हिस्सों में अच्छी वर्षा हुई। मध्य बंगाल की खाड़ी के दक्षिणी क्षेत्र में लो प्रेशर के दक्षिण भारत की ओर सक्रिय होने के कारण द्रोणिका भी दक्षिण की ओर चली गई है जिसके प्रभाव से दक्षिण छग सहित आसपास के राज्यों में अच्छी वर्षा हो रही है। मौसम विज्ञानी के अनुसार वर्षा काल में मध्योत्तर बंगाल की खाड़ी में हलचल हो रही है तथा 19 को कम दबाव का क्षेत्र सक्रिय होने का अनुमान है। लोप्रेसर के प्रभाव से मानसून द्रोणिका की स्थिति में सुधार होने के साथ ही सरगुजा सहित पूरे छग में अच्छी वर्षा होने का अनुमान है। मौसम विज्ञानी के अनुसार मानसून द्रोणिका की स्थिति में हमेशा बदलाव होते रहता है जिसके कारण देश के हर क्षेत्र में पर्याप्त वर्षा होती है। द्रोणिका के हिमालय की तराई की ओर अग्रसर होने पर मानसून ब्रेक की स्थिति निर्मित हो जाती है।

# मनमानी करने वाले सहायक प्राध्यापक को प्राचार्य ने किया एकतरफा कार्यमुक्त, भेजा वेतन पत्रक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- कार्यमुक्त होने के बावजूद उपस्थिति पंजी में कर रहा था हस्ताक्षर

स्थानांतरण उपरांत प्राचार्य द्वारा बार-बार एक तरफा कार्यमुक्त करने के बावजूद विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की धौंस देकर मनमानी पूर्वक उपस्थिति पंजी में हस्ताक्षर करने वाले सहायक प्राध्यापक को शासन के सख्त निर्देश पर पुराने कार्यस्थल को छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा। उच्च शिक्षा विभाग के अवर सचिव के निर्देश पर प्राचार्य ने मनमानी करने वाले सहायक प्राध्यापक को एक तरफा कार्यमुक्त करने के साथ ही उसकी सेवा पुरितका एवं वेतन पत्रक को भी नवीन कार्यस्थल पर भेज दिया। फलस्वरूप उसे नए कार्यस्थल पर उपस्थिति देने मजबूर होना पड़ा।

मुख्यमंत्री के अनुमोदन पर उच्च शिक्षा विभाग के अवर सचिव आरके निर्मलकर ने 15 मार्च को प्रदेश के 25 सहायक प्राध्यापकों का स्थानांतरण आदेश जारी किया था। आदेश में राजमोहिनी देवी कन्या महाविद्यालय में पदस्थ राजनीति विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ.अरिवलेश द्ववेदी का स्थानांतरण पं.रेवती रमण मिश्र शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सूरजपुर में किया गया था। आदेश के परिपालन में प्राचार्य डॉ.खालिद हुसैन ने पदस्थापना स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के लिए 23 अप्रैल को कार्यमुक्त कर दिया। बताया जा रहा है विभाग के एक अधिकारी के मौखिक निर्देश पर प्राचार्य ने 24 अप्रैल को अपना आदेश निरस्त कर दिया। इधर सहायक प्राध्यापक मनमानी करने लगा तथा वरिष्ठ अधिकारियों की धौंस देकर कॉलेज के अधिकारी-कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार करने लगा। उच्च शिक्षा विभाग के अवर सचिव द्वारा स्थानांतरण आदेश के परिपालन के निर्देश एवं विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी के स्थानांतरित सहायक को कार्यमुक्त नहीं करने के मौखिक निर्देश के कारण प्राचार्य पेशोपेश में पड़े रहे। अवर सचिव सख्त निर्देश पर प्राचार्य ने सहायक प्राध्यापक को 16 जून को एक तरफा रिलीव किया तो व मनमानी पर उतर गया तथा जबरिया उपस्थिति पंजी में हस्ताक्षर कर अधिकारी कर्मचारियों के साथ बदतमीजी करने लगा। सहायक प्राध्यापक की मनमानी से परेशान प्राचार्य ने आयुक्त उच्च शिक्षा को 20 जून को सहायक प्राध्यापक की मनमानी से अवगत करा कार्यमुक्त करने के संबंध में मार्गदर्शन मांगा एवं अधिकारी के निर्देश पर उसे 15 जुलाई को एकतरफा कार्यमुक्त करने के साथ ही उसका वेतन पत्रक व सर्विस बुक पं.रेवती रमण कॉलेज सूरजपुर भेज दी। विभाग के सख्त निर्देश पर अंततः सहायक प्राध्यापक को नए कार्यस्थल पर कार्यभार संभालने के लिए जाना पड़ा। इस संबंध में प्राचार्य डॉ.खालिद हुसैन ने बताया कि आयुक्त उच्च शिक्षा के निर्देश पर सोमवार को सहायक प्राध्यापक डॉ.अखिलेश कुमार द्ववेदी को एक तरफा कार्यमुक्त कर दिया गया है। उनके दुर्व्यवहार एवं मनमानी से कॉलेज का माहौल खराब हो रहा था।



# बैजनाथ धाम कांवरिया सेवा समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

नगर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय मांगलिक भवन में बैजनाथ धाम कांवरिया सेवा समिति की बैठक नगर पंचायत अध्यक्ष रमन अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में बाबा बैजनाथ धाम जाने वाले कांवरियों की निःशुल्क आवास एवं भोजन की व्यवस्था तथा सावन मास में छत्तीसगढ़ एवं मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों से आने वाले कांवरियों की निशुल्क व्यवस्था के लिए चर्चा की गई।


सावन मास में भगवान भोले शंकर के ज्योतिर्लिंग के रूप में विराजमान बाबा बैजनाथ धाम में जलाभिषेक करने हेतु झारखंड के देवघर में लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ता है। प्रदेश के अंतिम छोर झारखंड सीमा से लगे रामानुजगंज से होकर विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में शिव भक्त बाबा बैजनाथ धाम की यात्रा करते हैं। रामानुजगंज वासियों द्वारा नपं अध्यक्ष रमन अग्रवाल के नेतृत्व में इस वर्ष भी बाबा बैजनाथ धाम की यात्रा में जाने वाले श्रद्धालुओं के ठहरने और जलपान की निःशुल्क व्यवस्था करने का निर्णय लिया गया है। बाबा बैजनाथ धाम यात्रा करने वाले कांवरियों की सेवा के लिए गठित बाबा बैजनाथ धाम कांवरिया सेवा समिति की बैठक पंडित दीनदयाल मांगलिक भवन में कांवरिया सेवा समिति के संयोजक एवं नगर पंचायत अध्यक्ष रमन अग्रवाल की अध्यक्षता में तथा समिति के पदाधिकारी नागरिकों की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से इस वर्ष पुनः कांवरियों की सेवा करने का निर्णय लिया गया। नगर वासियों ने एक स्वर में कहा कि पूरे रामानुजगंज के लिए सौभाग्य की बात है कि सावन मास के पवित्र दिनों में बाबा बैजनाथ धाम जाने वाले हजारों श्रद्धालुओं के सेवा का मौका मिल रहा है। इस दौरान समिति के सुभाष केसरी, एसपी निगम, टीआर शर्मा, अशोक केसरी, रामाशंकर दूबे, आरएस तिवारी, विपिन पाठक, अजय केसरी, अजय गुप्ता, मुकेश जायसवाल, प्रमोद कश्यप, विजय रावत, अजय जायसवाल, राजू केशरी, अनूप कश्यप, पवन गुप्ता, बबन सिंह, राज किशोर पाल, महेश अग्रवाल, जगरनाथ गुप्ता, दामोदर मिश्रा, विनोद गुप्ता, अंकित गुप्ता, रामध्यान गुप्ता, बहादुर सिंह, पारस ठाकुर, विनोद राहगीर, अनिल पासवान, विपुल सिंह, रामाशीष मेहता, संजय कश्यप, आशीष गुप्ता, निशांत गुप्ता, ललन पासवान, ओम गुप्ता, चंदन गुप्ता, रूपेश सोनी अनिल कुशवाहा, अनिल प्रजापति, सोनू चौबे, अरविंद कुमार, सिमल ठाकुर सहित बड़ी संख्या में शिव भक्त उपस्थित थे।

# खबर प्रकाशन के बाद क्रेडा ने बनवाई पानी की टंकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

खबर का असर

एक महीने से फूटी हुई सोलर पानी टंकी को विभाग ने अंततः दुरुस्त करा लिया है। हरिभूमि द्वारा खबर प्रकाशन के बाद विभाग के अधिकारी हरकत में आए और सोलर टंकी के मरम्मत का कार्य पूर्ण कराया गया। बता दें कि विकासखंड के ग्राम कोटा गहना चौक पर दो वर्ष पूर्व क्रेडा विभाग द्वारा लगाए गए सोलर पानी टंकी में छेद हो गया था। पानी टंकी पिछले एक डेढ़ माह से क्षतिग्रस्त था और क्षेत्र के लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा था। ऐसे में ग्रामीणों को खासी परेशानी हो रही थी। क्षतिग्रस्त टंकी में पानी भरना संभव नहीं था। टंकी में पानी भरने पर ज्यादातर पानी अनावश्यक बर्बाद हो रहा था और आस पास के किसानों की खेत में पहुंचकर उनकी फसलों को नुकसान पहुंचा रहा था। ग्रामीणों द्वारा पानी टंकी मरम्मत को लेकर विभाग को शिकायत दी गई थी लेकिन विभाग ने समस्या को गंभीरता से नहीं लिया। ऐसे में हरिभूमि द्वारा क्रेडा विभाग के सोलर पानी टंकी में हुई छेद व ग्रामीणों की समस्याओं को प्रमुखता से प्रकाशित किया गया। खबर प्रकाशन के बाद क्रेडा विभाग के अधिकारी हरकत में आए और टंकी के मरम्मत का कार्य किया गया जिसके बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है।



# विधायक ने ग्रामीणों को दी शासन द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पोड़ीमोड़



प्रतापपुर विधायक श्रीमती शकुंतला पोर्ते आज ग्राम पंचायत करसी पहुंची जहां ग्रामीणों से रूबरू होकर उनकी समस्याएं सुनी और शासन द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं की जानकारी दी।

विधायक श्रीमती शकुंतला पोर्ते ने राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन से संबंधित सभी कार्यों को कैंप लगाकर करने का बात कहीं। उन्होंने कहा कि जनता को किसी प्रकार का परेशानी नहीं होने देंगे, डबल इंजन की सरकार है और बजट की कोई दिक्कत नहीं है जिसका सीधा लाभ जनता तक पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि कोई भी अधिकारी जनता को परेशान नहीं करेंगे यदि कोई परेशान करता है तो उसे हम भी परेशान करेंगे। आज सबसे ज्यादा परेशान गरीब किसानों को होती है। नामांतरण, सीमांकन जैसे कार्य को लेकर गरीब किसान पटवारी का चक्कर लगाते रहते है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा प्रतापपुर तहसील में एक कर्मचारी का रिश्वत मांगने का शिकायत ग्रामीणों से मिली है। इस संबंध में एसडीएम से चर्चा की गई है। प्रतापपुर से राजपुर मार्ग में ठेकेदार द्वारा घटिया निर्माण किया जा रहा था जिसकी शिकायत कलेक्टर से कर राशि में कटौती कराया गया है। इस दौरान अक्षय तिवारी, प्रफुल्ल गुप्ता, अरविन्द जायसवाल, अंबिका जायसवाल, निलेश, मुकेश तायल, विश्वजीत पैकरा, विक्रम नामदेव, कमल राजवाड़े, विक्रम प्रताप सिंह, रोहित मानिकपुरी, सावित्री पैकरा, बिंतु पैकरा, दामोदर पैकरा, धर्मेंद्र पैकरा, अम्लेश्वर सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे ।

# लंबित वेतन भुगतान की मांग को लेकर चरणबद्ध आंदोलन



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

- नगरीय निकाय कर्मचारियों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

नगरीय निकाय के कर्मचारियों के लंबित वेतन भुगतान समेत अन्य समस्याओं को लेकर नवयुक्त अधिकारी-कर्मचारी संघ ने विधायक के नाम ज्ञापन सौंपा है। संघ के समस्याओं से विधायक को अवगत कराते हुए शासन से लंबित वेतन भुगतान की मांग की है और मांग पूरी नहीं होने की स्थिति में 29 जुलाई को हड़ताल की चेतावनी दी है। नगरीय निकाय कर्मचारियों ने बताया कि निकाय में काम करने वाले कर्मचारियों के वेतन की समस्या वर्षों से बनी हुई है। निकायों में एक से लेकर चार माह तक कर्मचारियों को भुगतान नहीं किया जा रहा है। प्रतिमाह लंबित भुगतान की मांग लम्बे समय से की जा रही है लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। वेतन भुगतान नहीं होने से नियमित व प्लेसमेंट कर्मचारी आर्थिक तंगी से जूझ रहे है। नगरीय निकाय महासंघ की बैठक में प्रदेश व जिला स्तर पर चरणबद्ध आंदोलन व प्रदर्शन करने की योजना बनाई गई है। योजना के तहत 18 व 19 जुलाई को सम्पूर्ण निकायों में कर्मचारियों द्वारा दो दिवस काली पट्टी बांधकर शांतिपूर्ण ढंग से विरोध जताया जाएगा और 22 जुलाई को अधिकारी कर्मचारी संघ एक दिवसीय कमलबंद हड़ताल करेंगे जबकि इसके बाद भी समस्या का समाधान नहीं होता है तो 29 जुलाई को एक सभी जिला मुख्यालयों में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन व हड़ताल किया जाएगा। इस दौरान उप अभियंता मुकेश दुबे, लिपिक दयाशंकर गुप्ता, अनुराग तिवारी, जय सिंह आदि मौजूद थे।



### हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में हुई हाउस होल्डर्स की बैठक

**अम्बिकापुर।** हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में आज अटल बिहार योजना सरगवां के हाउस होल्डर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नवीन कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया। जिसमें सर्व समिति से हेमेन्द्र मिश्रा अध्यक्ष चुने गए। सचिव अशोक पांडेय, कोषाध्यक्ष अजय चतुर्वेदी, उपाध्यक्ष प्रमोद श्रीवास्तव, जगदम्बा पाठक, सह सचिव चंद्रभूषण पांडेय, मीडिया प्रभारी अशोक विश्वकर्मा को बनाया गया है। वहीं कार्यकारिणी सदस्यों में संजय गुप्ता, प्रमेन्द्र यादव, आरके खरे हैं। कार्यकारिणी समिति की गठन के बाद कॉलोनी के समस्याओं एवं अधूरे निर्माण तथा बाउंड्रीवाल निर्माण को लेकर चर्चा की गई।

# भाई ने पढ़ाई करने कहा तो बहन ने पी लिया कीटनाशक, मौत

**अम्बिकापुर।** भाई ने पूरक परीक्षा की तैयारी करने बहन को बोला तो बहन ने पढ़ाई करने के बजाए कीटनाशक पी ली। परिजन बालिका को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार रामानुजगंज थाना अंतर्गत ग्राम इंदरपुर निवासी सावित्री कुमारी आ. चंद्रिका सिंह (15 वर्ष) कक्षा 10वी में पूरक आई थी। जिस पर भाई सकलदीप सिंह ने उसे पूरक परीक्षा दिलाने के लिए फार्म भरा था। 9 जुलाई की सुबह भाई बहन को उठाकर पूरक परीक्षा के फार्म जमा कर देने तथा पढ़ाई करने की बात कहकर खेत में काम करने चला गया। कुछ समय बाद ही बहन गायत्री ने भाई को बताई की सावित्री कीटनाशक पी ली है। परिजन तत्काल उसे रामानुजगंज अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने बालिका की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।



# 'बजरंगी भाईजान' के नौ साल पूरे निर्माताओं ने जारी किया वीडियो

**नई दिल्ली।** 'बजरंगी भाईजान' 17 जुलाई 2015 को रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने अपनी रिलीज को नौ साल पूरे कर लिए। इस खास मौके पर फिल्म को बनाने वाली कंपनी सलमान खान फिल्म्स ने बरजंगी भाईजान के कुछ पर्दे के पीछे दृश्य फैंस के साथ साझा किए। इसके साथ कैप्शन में लिखा, 'हम बजरंगी भाईजान के नौ साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं, ऐसे में हम आपको बजरंगी भाईजान के पर्दे के पीछे (बीटीएस) एक्शन से पहले और कट के बाद हुई पागलपन भरी मस्ती के पलों के साथ पुरानी यादों में ले चल रहे हैं।' इस बीटीएस वीडियो में फिल्म के कलाकारों को मस्ती मजाक करते हुए देखा जा सकता है।

लाइफ Style

# दीपिका



## परोसी थाली दिखाकर दिए डाइटिंग टिप्स

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री दीपिका पादुकोण इन दिनों अपना पूरा ख्याल रख रही हैं। रखना भी चाहिए, आखिर नई जिम्मेदारी जो निभानी है। दीपिका गर्भवती हैं और इन दिनों अपनी सेहत और खानपान का ध्यान रख रही हैं। सोशल मीडिया पर भी भरपूर समय बिता रही हैं और अपने फैंस को भी बीच-बीच में सलाह दे देती हैं।


दीपिका ने अपने फैंस को खानपान संबंधी कुछ टिप्स दिए हैं और साथ ही संतुलित आहार का महत्व बताती दिखी हैं। दीपिका पादुकोण ने इंस्टाग्राम पर खाने के कुछ आइटम्स की तस्वीरें साझा की हैं। इनमें समोसा है, मिठाई है, केक और आइसक्रीम जैसी चीजें भी हैं। इसके साथ उन्होंने लिखा है, 'क्या आप मेरे फीड पर यह देखकर हैरान हैं? खैर, मैं ये सब खाती हूं! और मैं अच्छे से खाती हूं! जो कोई भी मुझे जानता है, उससे पूछिए। इसलिए आप जो कुछ भी सुनते या पढ़ते हैं, उस पर विश्वास न करें'। दीपिका ने आगे लिखा, 'लेकिन इसकी ट्रिक क्या है? बैलेंस, स्थिरता और अपने शरीर की सुनना। ऐसा लगता है कि 'डाइट'शब्द को लेकर बहुत सी गलतफहमियां हैं। हम अक्सर मानते हैं कि 'डाइट'का मतलब है भूखा रहना, कम खाना और वो सब खाना जिनसे हमें नफरत है। लेकिन, 'डाइट'का मतलब हकीकत में यह है कि कोई व्यक्ति जो भी खाना और पेय पर्दार्थ लेता है। यह शब्द वास्तव में ग्रीक शब्द 'डायटा' से आया है, जिसका अर्थ है 'जीवन जीने का तरीका'। दीपिका ने आगे लिखा, 'जहां तक मुझे याद है, मैंने हमेशा 'संतुलित आहार'का पालन किया है। और यह मेरे लिए 'जीवन जीने का एक तरीका' है। मैंने कभी भी ऐसा आहार नहीं अपनाया है, जिसका मैं लगातार पालन न कर सकूं या जो एक सनक बन जाए।

## हॉलीवुड मसाला



# फिल्म क्वार्टर की योजना का अनावरण

**लंदन।** कैमडेन फिल्म क्वार्टर नामक विकास परियोजना के तहत लंदन में नए फिल्म और टीवी स्टूडियो बनाने की योजना का अनावरण किया गया है। लंदन बरो ऑफ कैमडेन के केंटिश टाउन में साउंडस्टेज, नेशनल फिल्म एंड टीवी स्कूल कैंपस, और घरों और कार्यस्थलों की योजना है। कैमडेन फिल्म क्वार्टर एक ऐसी जगह होगी, जिसमें सुविधाएं, आवास और सार्वजनिक स्थान होंगे। इसमें फिल्म और टीवी मुख्य होंगे। साथ ही इंडस्ट्री के लिए कई स्टूडियो और स्थान होंगे।



# स्ट्रेंजर थिंग्स 5 शो में हुई नए कलाकारों की एंट्री

**लॉस एंजिलिस।** नेटफ्लिक्स ने स्ट्रेंजर थिंग्स के आगामी पांचवें सीजन को लेकर एक नया ऐलान किया है। दिग्गज ओटीटी प्लेटफॉर्म की ओर से पांचवें सीजन के लिए तीन और कलाकारों के नाम पर मुहर लगा दी गई है। शो में नेल फिशर, जेक कोनेली और एलेक्स ब्रेक्स जल्द ही अपनी अदाकारी का जादू बिखेरते हुए नजर आएंगे। साथ ही, नेटफ्लिक्स ने शो के पर्दे के पीछे के वीडियो के जरिए इन तीनों कलाकारों और लिंडा हैमिल्टन की झलक भी साझा की है। पांचवें सीजन की लगभग आधी शूटिंग खत्म हो चुकी है। जारी किए गए वीडियो में सीजन 4 के फिनाले में हुई भयावह घटना के बाद के कुछ सुराग दिए गए हैं। वीडियो में हॉकिन्स हाई स्कूल जिसमें, शो के मुख्य किरदार पढ़ते हैं, वह काफी हद तक बरकरार दिख रहा है।



# ये सात फिल्में कर दी थीं रिजेक्ट

**नई दिल्ली।** कैटरीना कैफ अपना 41वां बर्थडे मना रही हैं।। वहीं इन दिनों वह प्रेग्नेंसी रुमर्स के चलते सुर्खियों में हैं। लेकिन फिल्मी करियर की बात करें तो वह उन एक्ट्रेसेस में से एक हैं, जिन्होंने बॉलीवुड में कई हिट फिल्में दी। इनमें नमस्ते लंदन से लेकर जिंदगी ना मिलेगी दोबारा और एक था टाइगर जैसी फिल्में हैं। 17 साल के करियर में उन्होंने कई फिल्में रिजेक्ट कीं। लेकिन सात ऐसी फिल्में, जिन्हें रिजेक्ट ना करती तो कटरीना कैफ का रुतबा कुछ अलग ही था। इस लिस्ट में 300 करोड़ से ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म है। पहली फिल्म चेन्नई एक्सप्रेस, दूसरी फिल्म बर्फी, तीसरी फिल्म रामलीला, चौथी फिल्म ये जवानी है दीवानी, पांचवी फिल्म बाजीराव मस्तानी, छठी फिल्म गुंडे, सातवीं फिल्म हाफ गर्लफ्रेंड है, जिसमें श्रद्धा कपूर औऱ अर्जुन कपूर लीड रोल में थे। लेकिन इससे पहले कटरीना कैफ को फिल्म ऑफर हुई थी।



# राघव जुयाल की विलेनगिरी ने जीता सबका दिल

**नई दिल्ली।** कल्कि 2898एडी को टक्कर देने 12 दिन पहले यानी 5 जुलाई को किल रिलीज हुई थी। एक्शन थ्रिलर मूवी में डेब्यू कर रहे एक्टर लक्ष्य और राघव जुयाल नजर आ रहे हैं। जैसा कि आप जानते हैं राघव जुयाल को बॉलीवुड फिल्में और डांस रियलिटी शोज में कॉमेडी को लेकर काफी फेमस हैं। वह किल में विलेन के रोल में नजर आ रहे हैं। इसे दर्शक भी काफी पसंद कर रहे हैं। इसी बीच मेकर्स ने रीमेक को लेकर अपडेट दिया और निखिल नागेश भट निर्देशित फिल्म 'किल' के भारतीय रीमेक के बारे में चल रही अटकलों को साफ किया है। धर्मा प्रोडक्शन ने स्टेटमेंट ने जारी करते हुए लिखा, 'हमारी फिल्म किल के रीमेक को लेकर हाल ही में चल रही अटकलों पर विराम लगाते हुए हम पुष्टि करते हैं कि केवल अंग्रेजी भाषा के रीमेक के अधिकार बेचे गए हैं।

## टीवी मसाला



# 'तारक मेहता...' में फिर टूटी पोपटलाल की सगाई

नई दिल्ली। 'तारक मेहता' में हाल ही पोपटलाल की शादी फिर से कैंसिल हो गई, जिससे फैंस निराश हो गए। पोपटलाल की मधुबाला से सगाई हो रही थी पर थैलेसीमिया के कारण उनकी शादी तोड़नी पड़ी। असित मोदी ने इस पर रिएक्ट किया और बताया कि पोपटलाल की शादी क्यों कैंसिल करनी पड़ी। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के लेटेस्ट एपिसोड में दर्शकों को उस वक्त बड़ा झटका लगा जब पोपटलाल और मधुबाला की सगाई टूट गई। दर्शक लंबे वक्त से पोपटलाल की शादी का इंतजार कर रहे थे। डॉ. हाथी ने बताया कि पोपटलाल और मधुबाला में थैलेसीमिया के लक्षण हैं। यह एक जेनेटिक बीमारी है, जिसमें हीमोग्लोबिन का स्तर काफी घट जाता है, जो आगे चलकर घातक साबित हो सकता है। इससे दर्शकों का दिल टूट गया था। फैंस को इस बात से झटका लगा कि पोपटलाल की शादी होते-होते रह गई। अब शो के प्रोड्यूसर असित मोदी ने इस बारे में बात की है। उन्हें पता है कि दर्शक 'तारक मेहता' में पोपटलाल की शादी न होने से कितने निराश हैं। लेकिन वह चाहते हैं कि दर्शक शो की कहानी पर फोकस करें और देखें कि किस तरह थैलेसीमिया जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरुकता फैलाई जा रही है।

# लड़की के चक्कर में हुई थी अदनान शेख की पिटाई?

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस ओटीटी 3' के पहले वाइल्ड कार्ड प्रतियोगी के रूप में अदनान शेख की एंट्री हुई है। अदनान के घर में आने से हलचल और ज्यादा बढ़ गई है। जहां कुछ नई गतिशीलताएं बन रही हैं तो कुछ पुरानी गतिशीलताएं थोड़ी अस्थिर प्रतीत हो रही हैं।



लेटेस्ट एपिसोड में अरमान मलिक अपनी पत्नी कृतिका मलिक से अदनान शेख के बारे में बात करते नजर आए। इस दौरान उन्होंने एक ऐसा चौंकाने वाला खुलासा किया, जिसे जानकर दर्शक भी दंग रह गए हैं। बातचीत में अरमान, कृतिका के सामने यह खुलासा करते नजर आए कि कुछ साल पहले अदनान की भीड़ ने पिटाई कर दी थी। अरमान ने खुलासा किया, 'फैजू ने एक इंटरव्यू में कहा था कि हम सब में से सबसे ज्यादा गुस्से वाला ये है। खाक गुस्से वाला है, कुछ लोगों ने एक बार इसे घेर कर बहुत मारा था रोड पे।' जब कृतिका ने इसके पीछे का कारण पूछा, तो अरमान ने कहा, 'लड़की के चक्कर में मार खाई थी इसने।' कृतिका तब हैरान रह गईं ।

# जया के लिए बारिश में छाता पकड़े नजर आए अमिताभ

मुंबई। अमिताभ बच्चन की एक तस्वीर इस वक्त सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही है, जिसमें वह पत्नी जया बच्चन के लिए बारिश में छाता पकड़े नजर आ रहे हैं। फैंस अमिताभ के इस जेस्चर की खूब तारीफ कर रहे हैं, पर उन्हें जया का रवैया पसंद नहीं आ रहा है। कुछ यूजर्स ने तो इस पर सवाल भी करने शुरू कर दिए। 81 वर्षीय अमिताभ बच्चन ने एक्स पर एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें वह पत्नी जया बच्चन के सिर पर छाता पकड़े हुए नजर आ रहे हैं। साथ में लिखा है, 'हर रोज बारिश हो रही है। यहां तक कि सेट पर काम पर भी।' तस्वीर में जया हाथ में लड्डू पकड़े हैं और चेहरे पर उदासी नजर आ रही है।' इस तस्वीर पर जहां फैंस ने प्यार लुटाया और अमिताभ बच्चन की तारीफ की, वहीं यूजर्स को जया बच्चन का ऐसा अंदाज रास नहीं आया। यूजर्स ने सवाल किया कि जया हमेशा गुस्से में क्यों रहती हैं? वह इस तस्वीर में गुस्से में क्यों हैं? एक यूजर ने कमेंट किया, 'मैडमजी हमेशा गुस्से में क्यों रहती हैं?' एक और यूजर ने लिखा है, 'जीरो से लेकर शोहरत के चरम तक, हर पुरुष की यही हालत है।'



# फिल्मों में नहीं करेंगी काम



**नई दिल्ली।** इलियाना डिक्रूज अपनी पर्सनल लाइफ पर ध्यान देने के लिए फिल्मों से दूर रह रही हैं। खास तौर पर अपने बेटे कोआ फीनिक्स डोलन के साथ ज्यादा समय बिताने और उन्हें अच्छी परवरिश देने के लिए इलियाना ने काम से ब्रेक के बारे में सोचा। इलियाना एक मां के रूप में अपनी जिंदगी के नए फेज को अपना रही हैं और सही समय आने तक लाइमलाइट से दूर रहना चाहती हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर आस्क मी एनीथिंग (एएमए) सेशन के दौरान यह खुलासा किया. पिछले साल अगस्त में अपने पार्टनर माइकल डोलन के साथ एक बेटे की मां बनीं इलियाना फिलहाल अपने करियर से ज्यादा अपने परिवार को प्रायोरिटी दे रही हैं। हाल ही में एएमए सेशन के दौरान एक फैन ने उनसे फिल्मों में वापसी के बारे में पूछा। इलियाना ने जवाब दिया, 'जब सही समय आएगा तब आप मुझे फिल्मों में देख पाएंगे, फिलहाल मैं अपने बेटे को अपना समय देना चाहती हूं।' उन्होंने अपनी नींद के शेड्यूल के बारे में भी अपडेट शेयर किया। बताया कि अब जबकि वह एक फुलटाइम मॉम हैं। 'बर्फी' एक्ट्रेस ने एक फैन के कहने पर अपने पति माइकल के साथ एक फोटो भी शेयर की। उन्होंने तस्वीर को कैप्शन दिया, 'प्री-बेबी बेबीज।'

# रानी चटर्जी ने मरून कुर्ते में किया कमाल का डांस



**नई दिल्ली।** बड़की बहू छोटकी बहू की एक्ट्रेस रानी चटर्जी की चर्चा इन दिनों हर ओर है। उनकी भोजपुरी फिल्म बड़की बहू छोटकी बहू यूट्यूब पर फैन्स का खूब दिल जीत रही है। उनकी अगली फिल्म दीदी नंबर वन का ट्रेलर भी रिलीज हो गया है। इस बीच भोजपुरी एक्ट्रेस रानी चटर्जी ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह मरून कुर्ते में किसी मनोहर पार्क या फिर सेट पर नहीं बल्कि टूटी फूटी बालकनी में डांस कर रही हैं। इस वीडियो में भोजपुरी क्वीन का डांस बहुत ही कमाल का है और फैन्स के भी काफी मजेदार कमेंट आ रहे हैं। भोजपुरी एक्ट्रेस रानी चटर्जी ने जो वीडियो शेयर किया है उसमें वो हिंदी गाने बदमाश दिल तो ठग है बड़ा गाने पर डांस करती दिख रही हैं। उन्होंने एक सिंपल सा मरून कुर्ता पहना हुआ है। बाल भी पीछे की तरफ बहुत सिंपल तरह से टाई किए गए हैं। मेकअप और दूसरी एसेसरीज भी ना के बराबर हैं। लेकिन रानी चटर्जी ने सारा कमाल अपने एक्सप्रेशन और अपने डांस से किया है। गाने की शुरुआत में वो मुंडेर पर हाथ रख कर स्माइल करते हुए गाने के साथ लिप सिंक करती हैं।

# इन अभिनेत्रियों का अभिनय देख दर्शकों ने पीटा माथा

## ओवरएक्टिंग के हर पायदान पर आईं अव्वल

**मुंबई।** बॉलीवुड हसीनाओं के लाखों-करोड़ों में चाहने वाले होते हैं। इनके फैंस इनकी एक झलक पाने के लिए उत्सुक दिखाई देते हैं। कई लड़कियां इन अभिनेत्रियों के स्टाइल को भी कॉपी करना पसंद करती हैं। ये हसीनाएं फिल्मों में अपने किरदार को रियल दिखाने के लिए कड़ी मेहनत करती हैं। इसके बावजूद भी कई बार फैंस इनके अभिनय को ओवरएक्टिंग का टैग दे देते हैं। इंडस्ट्री में कई मशहूर अभिनेत्रियां, जिनकी एक्टिंग देखकर दर्शकों ने अपना माथा पीट लिया है। इसके चलते कई बार ये ट्रोलर्स के निशाने पर भी आ जाती हैं।




### सारा अली खान

बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान का नाम इस लिस्ट में पहले नंबर पर आता है। सारा ने फिल्म केदारनाथ से बॉलीवुड में कदम रखा था। सारा को भी उनके अभिनय प्रदर्शन के लिए कई बार ट्रोलर्स के निशाने पर आना पड़ गया है। यूजर्स सारा को ओवरएक्टिंग का टैग दे चुके हैं।

### करीना कपूर खान

बॉलीवुड में बेबो के नाम से मशहूर करीना कपूर खान की फिल्मों के लोग दीवाने हैं। अपनी शानदार अदाकरी से करीना फैंस के दिलों पर राज करती हैं। हाल में करीना क्रू में नजर आई थीं। मगर दर्शकों ने करीना की भी कई फिल्मों में उनके अभिनय को ओवरएक्टिंग करार दिया है।





### अनन्या पांडे

अभिनेत्री अनन्या पांडे भी अपने अभिनय प्रदर्शन को लेकर कई बार ट्रोलर्स के निशाने पर आ चुकी हैं। सोशल मीडिया पर नेटीजन्स उनकी एक्टिंग को ओवरएक्टिंग का बता चुके हैं। वह आखिरी बार फिल्म खो गये हम कहां में नजर आई थीं।



### जान्हवी कपूर

अभिनेत्री जान्हवी कपूर का नाम इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर आता है। जान्हवी कई फिल्मों में अपनी एक्टिंग का जलवा बिखेर चुकी हैं। अभिनेत्री के फैशन और उनके स्टाइल के लोग दीवाने हैं। मगर अभिनय के में जान्हवी भी कई बार ट्रोल हो चुकी हैं। उनकी कई फिल्मों में दर्शकों ने उनके अभिनय को ओवरएक्टिंग बताया है।

### तारा सुतारिया

अभिनेत्री तारा सुतारिया का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। तारा ने फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 से बॉलीवुड में कदम रखा था। अभिनेत्री की तस्वीरें और स्टाइल फैंस को काफी पसंद आता है। तारा सुतारिया की एक्टिंग के मामले में कई दर्शक ओवरएक्टिंग का टैग दे चुके हैं।



## खबर संक्षेप

### घर के बाहर खड़े ट्रैक्टर के बैट्री हो रहे पार


**बैकुण्ठपुर।** सिटी कोतवाली अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र में चोरों के हौसले बढ़ गए हैं, इससे चोर एक के बाद एक चोरी की घटनाओं को बेखौफ होकर अंजाम दे रहे हैं। सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार सिटी कोतवाली के ग्रामीण अंचल में जुलाई माह में ही आधा दर्जन चोरी की घटनाएं घटित हुई ,लेकिन ज्यादातर मामलों की शिकायत पुलिस में नहीं की गई। इसके कारण पुलिस अज्ञात चोरों को नहीं ढूंढ रही है, क्योंकि शिकायत दर्ज होगी, इसके बाद ही अनुसंधान पुलिस करती है। मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के एक ग्रामीण क्षेत्र में दो किमी के दायरे में इस माह 7 घरों के बाहर खड़ी ट्रैक्टर से 8 नग बैटरी चोरी कर लिए जाने की शिकायते हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते 17 जुलाई की रात्रि में सिटी कोतवाली अंतर्गत ग्राम मोदीपारा में दो टैक्टर के बैटरी अज्ञात चोरों ने चोरी कर ले जाने में सफल रहे। वहीं 17-18 जुलाई की रात्रि में ग्राम मुड़ीझरिया से भी एक टैक्टर की बैटरी चोरी होने की जानकारी है। बताया जाता है कि उक्त सभी स्थानों के चोरी के मामले की शिकायत पीड़ितों के द्वारा थाने में दर्ज नहीं कराई है।

### शतरंज में भगत रहा अव्वल

**मनेन्द्रगढ़।** एकेडेमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल तेंदुडांड़ के कक्षा पांचवीं के छात्र भगत सिंह ने छग राज्य चेस एसोसिएशन के सरगुजा संभाग स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में भाग लिया तथा एक पॉइंट के साथ 115 रैंक हासिल किया। भगत सिंह के इस विजय पर उसे प्रमाण पत्र एवं स्वर्ण पदक से पुरस्कृत किया गया। भगत सिंह राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता के लिए भी चयनित हुए, जो छग राज्य की राजधानी रायपुर में अंबुजा मॉल एंड टीम चेस सिटी द्वारा आयोजित प्रथम छग ओपन चेस टूर चैंपियनशिप 2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक एवं प्रमाण पत्र से नमाजे गए।

## निधन

### विजय सिंह



**मनेन्द्रगढ़।** भूतपूर्व विधायक मनेन्द्रगढ़ विजय सिंह का गुरुवार को लगभग 3 बजे उपचार के दौरान अंबिकापुर में निधन हो गया। स्व. सिंह के निधन पर सभी राजनीतिक दलों ने श्रद्धांजलि अर्पित की है।

## पेज 1 का शेष

### जर्जर सड़कें ...

की स्थिति खराब है, जिसका मरम्मत कार्य समय रहते नहीं करने से लोगों को आवागमन में परेशानी होती है। ऐसे में जिले के अन्य क्षेत्रों में खराब सड़कों का सुधार कार्य जल्द होने की उम्मीद नहीं की जा सकती है। जिम्मेदारों के लापरवाही के कारण लोगों को आवागमन के लिए परेशान होना पड़ता है।
**झुमका पर्यटन सड़क मार्ग ही जर्जर**- पर्यटन विकास को लेकर लाखो रूपए खर्च कर दिए जा रहे हैं,लेकिन पर्यटन स्थल तक पहुंचने वाली प्रमुख मार्ग जर्जर हो गई है तो मरम्मत भी समय पर नहीं कराया जा रहा है, ऐसे में पयर्टन स्थल तक पहुंचने में लोगों को दिक्कत होती है। उल्लेखनीय है कि जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के निकट प्रमुख पर्यटन स्थल झुमका वोट क्लब है,जहां पर पहुंचने के लिए लोगों को ओड़गी तिराहे के मुख्य मार्ग से जाना होता है जो कि जर्जर व गड्ढ़ायुक्त हो गया है। **रमदईया धाम पहुंच मार्ग भी हुआ जर्जर**-रमदईया धाम पहुंचने के लिए चेर की ओर से सड़क बनाई गई है, जो कि आधे रास्ते से सड़क काफी जर्जर हो गया है, मजबूरी में श्रद्धालुओं को जर्जर मार्ग से होकर धाम तक पहुंचना पड़ता है।

### ग्राम कमेटी से ...

गंभीरता पूर्वक लेना आवश्यक है, तभी हम समाज के उत्थान में अपना योगदान दे सकते हैं। हमारा समाज जिन परिस्थितियों में खड़ा है, विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए पदाधिकारियों को दी गई जिम्मेदारियों को निभाने निःस्वार्थ भाव से आगे आना होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रदेश अध्यक्ष तिरू. राय सिंह श्याम ने कहा कि आज का दिन हमारे सामाजिक गतिविधियों के लिए ऐतिहासिक दिन है, आज हम लोग अपने-अपने सीआर (गोपनीय चरित्रावली) प्रतिवेदन एक साथ भर रहे हैं,यह प्रतिवेदन हमें अपने सामाजिक उत्तदायित्वों का बोध कराता है, इसलिए सभी पदाधिकारी जरूर भरें।

## सोमवार से सावन माह की शुरूआत, होगी विशेष पूजा-अर्चना

# बरसों बाद बन रहा दुर्लभ संयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

भगवान भोलेनाथ का प्रिय सावन माह की शुरूआत इस बार 22 जुलाई सोमवार से हो रही है और समापन भी 19 अगस्त सोमवार से होगी। पंडितों के अनुसार ऐसा कई वर्षों बाद दुर्लभ संयोग बन रहा है।

जब सावन माह की शुरूआत सोमवार सावन से शुरू हो रही है और समापन भी सोमवार के दिन ही हो रहा है, जिससे कि इस बार श्रद्धालुओं को सावन सोमवार की पूजा के लिए एक अतिरिक्त दिन मिल रहा है। वैसे तो सावन का पूरा महीना ही शिवभक्ति के लिए शुभ फलदायक होता है, लेकिन सावन माह के सोमवार को विशेष महत्व रहता है।

यही कारण है कि सावन माह में शिवालयों में सबसे ज्यादा श्रद्धालुओं की भीड़ सोमवार को उमड़ती है । सावन माह की शुरूआत के लिए चंद दिन ही बचे हैं, जिसे देखते हुए जिलेभर में स्थित शिवालयों में पूजा-अर्चना के लिए विशेष तैयारियों की जा रही है। जानकारी के अनुसार इस बार सावन माह की शुरूआत में प्रीति योग बनने के कई शुभ योग बन रहे हैं। सावन माह भगवान शिव का प्रिय माह है ,इसके कारण इस माह में भोले शिव व माता पार्वती की कोई श्रद्धालु सच्चे मन से पूजा-अर्चना करता है तो उसकी हर मनोकामना पूरी होती है। यही कारण है कि सावन माह में शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ पूजा-अर्चना के लिए उमड़ती है। जानकारी के अनुसार इस बार सावन माह में चार मंगलवार पड़ रहे हैं। इस दिन मां मंगला गौरी की विशेष रूप से पूजा-अर्चना की जाती है। महिलाओं के साथ कई कन्याएं भी मां मंगला गौरी की विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना करते हैं।



प्रेमाबाग स्थित प्रेमाशंकर शिव मंदिर।

### सावन में कई प्रमुख पर्व

इस बार सावन माह की शुरूआत दुर्लभ संयोग के साथ शुरू हो रहा है, इसके कारण इसका महत्व बढ़ गया है। जानकारी के अनुसार सावन में 2 अगस्त को सावन शिवरात्रि पड़ रहा है, इस दिन का विशेष महत्व बताया जाता है, इसके अलावा 4 अगस्त को हरियाली तीज, 9 अगस्त को नाग पंचमी पड़ रहा है, इसके बाद सावन के आखिरी में 19 अगस्त को सावन पूर्णिमा के साथ रक्षाबंधन का पर्व उल्लास के साथ मनाया जाएगा।

### छग टीचर्स एसोसिएशन की जिला स्तरीय बैठक 21 को

**बैकुण्ठपुर।** छग टीचर्स एसोसिएशन की आवश्यक बैठक जिला मुख्यालय के रेस्ट हाउस में 21 जुलाई की दोपहर 2 बजे रखी गई। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व सेवा का गणना कर पुरानी पेंशन योजना का लाभ दिया जाए, वर्षों से लंबित प्राचार्य व्याख्याता प्रधान पाठक, प्राथमिक-माध्यमिक शिक्षक के रिक्त पदों पर शीघ्र पदोन्नति के संबंध में सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति देय तिथि से लंबित महंगाई भत्ता, शासकीय अस्पतालों में कैशलेस सुविधा सहित विभिन्न मांगों पर चर्चा शासन स्तर पर रखा गया। इस संबंध में जिला स्तरीय बैठक में परिचर्चा की जावेगी साथ ही शिक्षकों की सदस्यता सहित संगठनात्मक परिचर्चा की जाएगी। उल्लेखनीय है कि छग टीचर्स एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष संजय शर्मा एवं प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मिलकर शिक्षकों के विभिन्न मुद्दों पर मांग रखी है। बैठक प्रांतीय सह सचिव अशोक लाल कुर्रे एवं जिला अध्यक्ष बीरेन्द्र बहादुर तिवारी की अध्यक्षता में बैठक आहूत की गई।




## डीबीटी के जरिए किसानों को मिलेगी बागवानी मिशन की राशि

**बैकुण्ठपुर।** राष्ट्रीय बागवानी मिशन के तहत जिला स्तरीय समिति की बैठक जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी की अध्यक्षता में जिला पंचायत के मंथन कक्ष संपन्न हुई। बैठक में जिला पंचायत की कृषि समिति के सभापति दुगपाल सिंह और केनापारा ग्राम पंचायत के उन्नत कृषक उपस्थित रहे।

बैठक में सहायक संचालक उद्यान विनय कुमार त्रिपाठी द्वारा जिला मिशन समिति के समक्ष राष्ट्रीय बागवानी मिशन के अंतर्गत कोरिया जिले को वर्ष 2024-25 में प्राप्त भौतिक लक्ष्यों के विषय में जानकारी प्रस्तुत की गई। बैठक में विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने कहा कि राष्ट्रीय बागवानी मिशन के तहत प्रत्येक हितग्राहियों को सीधे डीबीटी के माध्यम से ही भुगतान किया जाए। उन्होंने कहा कि शेड नेट सहित प्रत्येक विशेष महत्व के अनुदान के लिए वास्तविक हितग्राहियों को चयनित किया जाए। जिला कृषि समिति के सभापति दुगपाल सिंह ने बताया कि फल उत्पादक किसानों को बिक्री के लिए उचित माध्यम उपलब्ध कराया जाए, इस पर जिला सीईओ ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक फल उत्पादक किसानों को फल, सब्जी बेचने के लिए उचित बाजार उपलब्ध कराने के लिए कार्ययोजना रखें, ताकि किसानों को उनके उत्पाद का सर्वाधिक मूल्य प्राप्त हो सके। मेला प्रदर्शनी के प्रत्येक हितग्राही का चयन निर्धारित प्रक्रिया के तहत किया जाएगा और प्रत्येक हितग्राहियों का चयन जिला पंचायत सीईओ के अनुमोदन पश्चात किया जाएगा।

## मोहर्रम पर निकले ताजिया, युवाओं ने कला का किया प्रदर्शन




**बैकुण्ठपुर।** मुस्लिम समुदाय के द्वारा बुधवार की देर शाम मोहर्रम की 10 वीं तारीख यौम ए आशुरा पर शहर में मातमी जुलुस निकाला शहर के विभिन्न मार्ग पर भ्रमण कराया गया।

इस दौरान समाज के युवाओं के द्वारा अपनी कला का हैरत अंगेज प्रदर्शन भी किया, इसे देखने के लिए शहर के लोग सड़कों किनारे जुटे रहे साथ ही मातमी जुलूस में काफी संख्या में समाज के लोग शामिल रहे। इसमें महिलाएं व बच्चे भी शामिल रहे। प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी शहर में आकर्षक ताजिया निकाली गई, जिसे शहर के विभिन्न मार्ग से भ्रमण कराने के बाद विसर्जन किया गया। इसके पहले शहर के कुमार चौक पर जब ताजिया का जुलूस निकला तो समाज के युवाओं के द्वारा विभिन्न कला का प्रदर्शन भी किया। उल्लेखनीय है कि हजरत हुसैन व उसके 72 साथियों की शहादत के लिए मोहर्रम के 10 वीं तारीख को ताजिया का जुलूस निकाला जाता है और इस अवसर पर 10 दिनों तक पैगम्बर मुहम्मद के वारिश इमाम हुसैन के तकलीफों का शोक मनाया जाता है। उनकी शहादत को याद करने के लिए ही प्रतिवर्ष मोहर्रम की 10 वीं तारीख को ताजिया सजाकर जुलूस निकाला जाता है। शहर में देर शाम ताजिया का जुलूस निकाला गया तो जिस मार्ग से ताजिया का जुलूस निकला, लोग इसे देखने के लिए अपने घरों के बाहर निकल गए और सड़क पर भी लोगों की भीड़ जुटी रही। वहीं पुलिस यातायात व्यवस्था बनाने में जुटी रही। मुहर्रम का ताजिया निकलने के रास्ते में पुलिस व्यवस्था रही। वहीं चिरमिरी चौक पर शाम ढलने के बाद बड़ी वाहनों की आवाजाही ताजिया निकलने तक रोक दी गई है।

### चरचा कॉलरी में युवाओं ने दिखाए कई करतब



चरचा कॉलरी। इस्लामिक साल के पहले महीने मोहर्रम में पैगंबर मोहम्मद के नवासे हजरत इमाम हुसैन की शहादत का दिन एवं त्याग और बलिदान का पर्व मुस्लिम समुदाय के लोगों ने शांतिपूर्ण तरीके से मनाया। चरचा कॉलरी के जामा मस्जिद के समीप इमामबाड़े के बगल में उर्दू तारीख के 10 वीं के दिन मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा दोपहर में दुआएं आशूरा, फातिहा किया और अमन चैन की दुआ मांगी गई। उसके बाद खिलाड़ियों ने मैदान में लाठी और औजारों से हैरत अंगेज करतब दिखाए। वहीं मुस्लिम समुदाय के लोगों ने शांति प्रेम और भाईचारे को मजबूत करने का संदेश दिया। अखाड़े में विशिष्ट अतिथि के रूप में कलेक्टर की धर्मपत्नी श्रीमती एकता लंगेह शामिल हुई। साथ ही मंच पर नपाध्यक्ष श्रीमती लालमुनि यादव, भूपेन्द्र यादव, विक्रांत सिंह सहित जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शिशु संरक्षण माह का आयोजन आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

**खास बात**
- प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को आंगनबाड़ी केन्द्रों पर दी जाएगी खुराक

शासन के निर्देशानुसार प्रदेश में शिशु संरक्षण माह का आयोजन 19 जुलाई से 23 अगस्त तक किया जाएगा। विगत दिनों कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने समय-सीमा की बैठक में स्वास्थ्य व महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को शिशु संरक्षण माह बहुत ही जिम्मेदारी पूर्वक करने के निर्देश दिए हैं। आंगनबाड़ी केन्द्रों में नियमित रूप से बच्चों को पोषण आहार,गरम भोजन देने के निर्देश दिए हैं। विदित हो कि प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को आंगनबाड़ी केन्द्र अथवा स्वास्थ्य केन्द्रों पर शिशुओं को निर्धारित सेवाएं दी जाएगी। अभियान का उद्देश्य बच्चों में होने वाले आंख से संबंधित रोग मोतियाबिंद, रतौंधी, बिटॉट स्पॉट एवं खून की कमी को दूर करना है। अभियान के दौरान शिशु स्वास्थ्य संवर्धन से संबंधित कार्यक्रम एवं गतिविधियां विटामिन ए सिरप 9 माह से 5 वर्ष के बच्चों को 6 माह के अंतराल में पिलाया जाता है। साथ ही आयरन फोलिक एसिड सिरप भी दिया जाता है।

बच्चों में पोषण के स्तर की जांच के लिए वजन लेकर पोषण आहार के विषय में पालक को जानकारी और अति गंभीर कुपोषित बच्चों को चिन्हांकित कर पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती किया जाना एवं गर्भवती माताओं की जांच करते हुए स्तनपान एवं पोषण आहार के विषय पर चर्चा किया जाना शामिल है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.आरएस सेंगर ने बताया कि जिले में विटामिन ए एवं आयरन फोलिक एसिड सिरप सोनहत ब्लाक के 6 माह से 5 वर्ष तक के 5 हजार 361 व बैकुंठपुर ब्लॉक के 13 हजार 926 व बचरापोड़ी के 5 हजार 145 इस तरह 24 हजार 432 बच्चों को सीरप पिलाया व टीकाकरण लगाया जाएगा, इन्हें स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं मितानिनों के सहयोग से प्रत्येक मंगलवार व शुक्रवार को सेवाएं प्रदाय किया जाएगा।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने पालकों से आग्रह किया है कि निर्धारित तिथि एवं समय पर अपने बच्चों को विटामिन ए एवं आयरन फोलिक एसिड सिरप अवश्य पिलाएं। उन्होंने जनप्रतिनिधि एवं जनसामान्य को अपील करते हुए कहा है कि शिशु संरक्षण माह के दौरान पांच साल तक के बच्चों को अपने निकटतम शिशु संरक्षण बूथ तक ले जाने के लिए प्रेरित करें।

## बड़काबहरा में संकुल स्तरीय प्रवेशोत्सव धूमधाम से मना



प्रवेशोत्सव में शामिल अतिथि, शिक्षक व विद्यार्थी।

**मनेन्द्रगढ़।** संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन संकुल प्राचार्य मनबोध यादव की अध्यक्षता एवं संकुल शैक्षिक समन्वयक संजय कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में संकुल केन्द्र बड़काबहरा में किया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती अनीता सिंह (जनपद सदस्य) एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में सरपंच ग्राम पंचायत बड़काबहरा, सरपंच ग्राम पंचायत केराबहरा एवं सरपंच ग्राम पंचायत रोकड़ा एवं पालकगण उपस्थित हुए। अतिथियों का स्वागत पश्चात नव प्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर मिष्ठान खिलाते हुए पुस्तक,गणवेश प्रदान किया गया। प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के पश्चात अतिथियों द्वारा विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम में संकुल केन्द्र बड़काबहरा अंतर्गत संचालित समस्त प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शालाओं के प्रधान पाठक, शिक्षक-शिक्षिकाओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का सफल संचालन रमेश कुमार विश्वकर्मा प्रभारी प्रधान पाठक प्राथमिक शाला सुईबहरा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में संकुल प्राचार्य मनबोध यादव द्वारा अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की सफलता में सहायक शिक्षक प्राथमिक शाला बड़काबहरा साधराम साहू का विशेष योगदान रहा।

## सचिव, सरपंच को जेल भेजने मिला नोटिस

**खास बात**
- एसडीएम ने दो दिवस के अंदर मांगा स्पष्टीकरण

**बैकुण्ठपुर।** समय पर निर्माण कार्य पूरा नहीं करने एवं एक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं करने के मामले को लेकर एसडीएम सोनहत ने ग्राम पंचायत सोनहत के सरपंच, सचिव तथा तत्कालीन सचिव को नोटिस जारी कर दस्तावेज सहित स्पष्टिकरण देने का नोटिस जारी किया। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार एसडीएम सोनहत ने बीते 16 जुलाई को ग्राम पंचायत सोनहत के सरपंच पवन पंडो, सचिव रामलाल राजवाडे तथा तत्कालीन सचिव अजय पाण्डेय को नोटिस जारी कर दो दिवस में स्पष्टीकरण देने का नोटिस जारी किया। इसमें उल्लेख किया गया है कि हाउसिंग बोर्ड कालोनी सोनहत का बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य शुरू नहीं करना तथा तहसील कार्यालय के समीप शौचालय निर्माण कार्य अधूरा होने को लेकर नोटिस जारी किया गया है। नोटिस का जवाब संतोषजनक नहीं होने पर उपरोक्त के विरूद्ध पंचायती राज अधिनियम 1993 की धारा 92 की उपधारा 2 के तहत कार्रवाई की जाएगी। तामिली वारंट के जरिए वस्तुओं, अभिलेखों से वसूल किया जा सकेगा तथा गिरफ्तारी वारंट के जरिए 30 दिन के लिए परिरूद्ध रखने के लिए सिविल जेल भेजा जाएगा।

### आयोग की अध्यक्ष 25 को कोरिया में

बैकुण्ठपुर। राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ.किरणमयी नायक 25 जुलाई को सूरजपुर, कोरिया एवं एमसीबी जिले के प्रकरणों की सुनवाई प्रातः 11 से शाम 5 बजे तक कलेक्टर सभाकक्ष में होगी। जहां महिलाओं के उत्पीड़न से संबंधित प्राप्त प्रकरणों पर सुनवाई की जाएगी। राज्य महिला आयोग के सचिव ने बताया कि सुनवाई के दौरान सभी पक्षकार अपने निर्धारित समय में उपस्थित होंगे।

## नाबालिग युवती से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

**खास बात**
- चरचा पुलिस ने की कार्रवाई

नाबालिग युवती को शादी का झांसा देकर जबरजस्ती बाइक में बैठाकर अपने घर ले जाकर एक युवक ने दुष्कर्म किया। इस मामले में पीड़ित की मां की रिपोर्ट पर पुलिस ने लिखित शिकायत दी। इस पर चरचा कॉलरी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए रिपोर्ट दर्ज होने के 24 घंटे के भीतर मुख्य आरोपी सहित सह आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 64 (2) (ड), 96, 137 (2), 142 भारतीय न्याय संहिता एवं धारा 4, 6, 17 पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई की। घटना के संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पीड़ीता की मां ने 17 जुलाई को थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई कि उसकी मंझली पुत्री जो कि कक्षा 10 में पढ़ाई करती है और वह नाबालिग है। घटना दिवस 12 जुलाई की रात्रि 9 बजे महराजपुर थाना पोड़ी निवासी कमलेश सिंह उसकी पुत्री को शादी का झांसा देकर जबरजस्ती अपने दोस्त राहुल साहू के साथ मोटरसायकल में बिठाकर अपने घर महराजपुर ले गया और जबरजस्ती शारीरिक शोषण किया। शिकायत मिलने पर मामले की सूचना पुलिस अधीक्षक को दी गई। इस पर थाना प्रभारी चरचा ने 24 घंटे के भीतर आरोपी कमलेश सिंह पिता स्व. मोहर सिंह उम्र 20 वर्ष एवं सह आरोपी राहुल साहू पिता दिवाकर साहू उम्र 20 वर्ष दोनों निवासी महराजपुर थाना पोड़ी को गिरफ्तार कर लिया है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### गांवों के कूड़ा संग्रहण से स्वच्छता को बढ़ावा

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर डी.राहुल वेंकट के निर्देशन एवं जिला पंचायत निदेशक नितेश उपाध्याय के मार्गदर्शन में जिले के ग्राम पंचायत परसगढ़ी, कठोतिया, हरचौका एवं लाई में स्वच्छाग्रही महिलाओं ने स्वच्छता के प्रति महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

**न्यायालय सक्षम प्राधिकारी (व्यपवर्तन) एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया (छ.ग.)**

//उद्घोषणा//

सर्व साधारण ग्राम बैकुण्ठपुर की आम जनता को इस ईश्तहार के जरिये सूचित किया जाता है आवेदक द्वारिका आ. श्री मातादीन खस निवासी डबरीपारा बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया (छ.ग.) द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम बैकुण्ठपुर प.ह.नं. 09 तहसील बैकुण्ठपुर स्थित भूमि ख.नं. 76/47 रकबा 0.040 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि में से 0.020 को आवासीय प्रयोजन हेतु भू-व्यपवर्तन बावत् आवेदन पत्र, शपथ पत्र, खसरा, बी-1 नक्शा सहित प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भू-व्यपवर्तन में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 25/07/2024 को 11:00 बजे आपत्ति पेश कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनांक 10/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा के अधीन जारी।

सक्षम प्राधिकारी (व्यपवर्तन)
एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया (छ.ग.)

## प्रेस क्लब प्रांगण में पौधरोपण कार्यक्रम

# पर्यावरण सरंक्षण के लिए रोपे गए औषधियुक्त पौधे

**डोमनहिल।** प्रेस क्लब भवन चिरमिरी खड़गवां के तत्वाधान में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, श्रम संगठन के पदाधिकारी, कॉलरी के अधिकारी एवं चिकित्सकों की उपस्थिति में प्रेस क्लब भवन प्रांगण में छायादार, फलदार एवं औषधि युक्त 70 पौधों का रोपण कर उनके संरक्षण का संकल्प लिया गया।

साथ ही ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाकर पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान करने की अपील की गई। प्रेस क्लब चिरमिरी के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन में अतिथि के रूप में पूर्व विधायक डॉ.विनय जायसवाल, उप क्षेत्रीय प्रबंधक अरूण कुमार चौहान, श्रमिक नेता बजरंगी शाही, कमलेश सिंह, राजेश महराज, निगम के वरिष्ठ अभियंता बीके सिंह, रीजनल अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी एसएन सिंह एवं चिकित्सक सुमित राधाकृष्णन ,कांग्रेस कमेटी के सुभाष कश्यप, पार्षद शिवांश जैन, गणमान्य नागरिक एवं प्रेस क्लब के पदाधिकारी एवं काफी संख्या में सदस्यों के द्वारा लगभग 70 पौधों का रोपण कर अधिक से अधिक पौधरोपण कर पर्यावरण संतुलन में योगदान देने की बात कही। पूर्व विधायक श्री जायसवाल ने कहा कि आदमी को ऑक्सीजन की पूर्ति रेगिस्तान में भी हो जाती है, लोगों ने जंगल को समाप्त किया कई वर्षों के बाद इस वर्ष सबसे ज्यादा तापमान महसूस की गई, इसलिए, पौधरोपण की आवश्यकता है। श्रमिक नेता बजरंगी शाही ने पेड़ को मानव की आवश्यकता बताते हुए कहा कि क्षेत्र हमेशा हरा भरा रहे, इसके लिए हम सबको मिलकर हमेशा प्रयास करना होगा। कार्यक्रम को अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया और अपने-अपने सुझाव दिए। साथ ही ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण कर उनके संरक्षण की दिशा में प्रयास की बात कही। कार्यक्रम का संचालन राजीव वर्मा एवं आभार प्रदर्शन राजेश उपाध्याय ने किया।



पौधरोपण में शामिल लोग।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI CHIRMIRI
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
पैट्रोल पंप के सामने, वार्ड नं.-1, पोड़ी, चिरमिरी, जिला - कोरिया (छ.ग.)
81098-66204 • 89595-44444